DT
Price ₹2/-
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
**कानपुर,** रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



# वाराणसी में 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का पीएम मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया

## कहा- बनारस में जोश हाई रहेगा, GenZ के हाथों में तिरंगा देख गर्व होता है

डीटीएनएन । वाराणसी

वाराणसी में 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्लेयर्स को काशी की कहावत सुनाई। कहा- हमारे बनारस में कहा जाता है, 'बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी।' यानी, बनारस को जानना है तो आपको बनारस आना पड़ेगा। आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा, देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं। आप सभी एक भारत–श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। हमें बहुत गर्व होता है, जब Gen Z को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं। इससे पहले, सीएम योगी ने कहा- पिछले 11 सालों में सबने एक नए भारत को देखा है, भारत को बदलते देखा है। देश में एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। अब खेल समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है। काशी में हो रही वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 58 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यूपी की ओर से पुरुष टीम के कप्तान श्रेयांस सिंह (यूपी पुलिस) हैं, जबकि महिला टीम की कप्तानी प्रियंका (यूपी पुलिस) कर रही हैं। उद्घाटन मैच यूपी और बिहार की पुरुष टीम के बीच खेला जा रहा है। यूपी को 43 साल बाद नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इससे पहले 1984 में इसका आयोजन हुआ था। उद्घाटन से पहले खिलाड़ियों ने सिगरा स्टेडियम में मार्च पास्ट किया, जहां 'सारे जहां से अच्छा' की देशभक्ति धुन गूंजती रही।



DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-



कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# खेल शक्ति ही राष्ट्र शक्तिः नई खेल संस्कृति के साथ यूपी बना रहा राष्ट्रीय नेतृत्व : मुख्यमंत्री योगी

## 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

डीटीएनएन । कानपुर

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश और देश में खेल को नई दृष्टि, नए संसाधन और नया आत्मविश्वास मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उभरते ह्नन्यू स्पोर्ट्स कल्चरह्न ने युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम-स्पिरिट को मजबूत किया है। अब खेल सिर्फ शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी चयन-प्रक्रिया और मिशन-मोड पर चल रही योजनाओं के चलते युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर बढ़े हैं। ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताओं का विस्तार किया गया है। परिणामस्वरूप यूपी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पहले से कई गुना अधिक भागीदारी और पदक ला रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 72वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयोजन स्थल डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में मौजूद रहे। उन्होंने यहां खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित किया। सीएम की उपस्थिति में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मध्य नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के संचालन के लिए एमओयू का



आदान-प्रदान हुआ। सीएम योगी ने काशी में आई सभी 58 टीमों (30 पुरुष, 28 महिला) के खिलाड़ियों, कोच व ऑफिशियल का स्वागत किया।

सीएम योगी ने कहा कि पिछले 11- साढ़े 11 वर्ष के अंदर हर भारतवासी ने देश में नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। पीएम मोदी ने 2014 में खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर भारतवासी के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव पैदा किया।

DT
Price ₹2/-
सिर्फ सच
# दीनार टाइम्स
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# केडीएमए लीग का शानदार शुभारम्भ

## मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने किया उद्घाटन






### ग्रीनपार्क हॉस्टल व एमयूसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया मैच

रविंदर सिंह लाडी/ डीटीएनएन

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित केडीएमए लीग के उद्घाटन मुकाबला ग्रीनपार्क हॉस्टल एवं एमयूसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मैच से पूर्व उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने रंगारंग कार्यक्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पीएसी बैंड ने आर्कषक प्रस्तुति पेश की। चाँदी के सिक्के से मैच का टॉस हुआ, जबकि तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मैच शुरू करने के लिये पारम्परिक घंटा बजाया गया। अंत में राष्ट्रगान भी गाया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ संजय कपूर ने किया। इस मौके पर डॉक्टर संजय कपूर ने कहा कि ऐसे आयोजन से नए खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलता है... संचालन अरविंद ने किया। इस अवसर पर एसएन सिंह, विनय आनंद, गोपाल शर्मा, आशीष सचान, कौशल कुमार, संजय तिवारी, अंकित राजपूत, शशिकांत, राहुल, कपिल, अश्वनी, शिवकुमार आदि रहें।

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# बांग्लादेश T20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगा

## बांग्लादेश के खेल मंत्री ने BCB के फैसले की तारीफ की, मुस्तफिजुर को IPL से हटाने के बाद फैसला

डीटीएनएन । स्पोर्ट्स डेस्क

बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के एक अधिकारी के हवाले से दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को BCCI के आदेश पर IPL से बाहर करने के बाद BCB ने यह फैसला लिया है। बोर्ड ने ICC से कहा है कि उसके मैच श्रीलंका में कराए जाएं। अब ICC तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं। हालांकि BCB ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन यूनुस सरकार में खेल सलाहकार (खेल मंत्री) आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पर BCB के इस फैसले का स्वागत किया है। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। मैचों का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है। सभी टीमों के टिकट पहले से बुक हैं।

बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज के सभी चार मुकाबले भारत में ही शेड्यूल हैं। तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर और एक मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है।

**बांग्लादेश का ग्रुप मुश्किलः** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज में कुल 20 टीमें शामिल हैं, जिन्हें 4 अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया। हर टीम अपने ग्रुप में 4 लीग मुकाबले खेलेगी। लीग स्टेज के बाद हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सुपर-8 स्टेज में एंट्री मिलेगी। ग्रुप-सी का बांग्लादेश और ग्रुप-डी का अफगानिस्तान का ग्रुप सबसे मुश्किल नजर आ रहा हैं, क्योंकि इनमें इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। चारों टीमों को फाइनल खेलने का अनुभव है, वहीं बांग्लादेश और अफगानिस्तान कभी किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी हैं।

### IPL 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी

इससे पहले, 3 जनवरी को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने मुस्तफिजुर को टीम से बाहर कर दिया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा के बीच उन्हें टीम से हटाने की मांग उठ रही थी। इसके बाद BCCI ने शाहरुख खान की IPL टीम KKR को मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को कहा था, हाल के दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्हें देखते हुए बोर्ड ने KKR को मुस्तफिजुर को रिलीज करने का आदेश दिया है। अगर फ्रेंचाइजी किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की मांग करती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। बांग्लादेश में वहां पिछले 15 दिन में 4 हिंदुओं की हत्या की जा चुकी है। IPL 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी। जबकि लीग का फाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा।



DT
Price ₹2/-
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

## शेख हसीना की सीट पर RSS से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज, बोले- BNP की साजिश

डीटीएनएन । ढाका

गोबिंद चंद्र प्रामाणिक ने खालिदा जिया की पार्टी BNP पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है। बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रामाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया। पूर्व PM शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50% से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत (BJHM) नामक संगठन के महासचिव भी हैं। BJHM कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1% वोटरों के साइन लाने होते हैं। वह नियम का पालन करते हुए 1% वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे, लेकिन बाद में उन वोटरों ने रिटर्निंग ऑफिसर से आकर कहा कि उनके साइन लिए ही नहीं गए थे।

गोबिंद ने दावा किया है कि वो निर्दलीय चुनाव इसलिए लड़ना चाहते थे, क्योंकि उन्हें अपनी जीत पर भरोसा था। उनका कहना है कि गोपालगंज के 3 लाख मतदाताओं में से 51% हिंदू हैं। BNP ने उन्हें रास्ते से हटाया क्योंकि यहां उसके जीतने की संभावना बिल्कुल भी नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करूंगा। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं कोर्ट भी जाऊंगा।



पेशे से वकील गोबिंद चंद्र प्रामाणिक बांग्लादेश के प्रमुख हिंदुवादी नेता हैं

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
Price ₹2/-
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



# वेनेजुएला को चलाने के लिए खास टीम बनाईः ट्रंप

## वेनेजुएला की विपक्षी नेता को सत्ता नहीं सौपेंगे, अमेरिका वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति के साथ मिलकर काम कर रहा है

कारकस । एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला को चलाने के लिए एक खास टीम बनाई गई है। इसमें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम वेनेजुएला में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सरकारी संस्थानों को दोबारा कामकाजी बनाने, तेल, ऊर्जा और सुरक्षा जैसे अहम सेक्टर को स्थिर करने, और ट्रांजिशन पीरियड को संभालने में मदद करेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका इसके लिए वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ मिलकर काम कर रहा है। वेनेजुएला की सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति बनाने का आदेश दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने डेल्सी रोड्रिग्ज को तुरंत राष्ट्रपति के सभी अधिकारों के साथ अंतरिम तौर पर कार्यभार संभालने के लिए कहा है।

### मादुरो को अमेरिकी सैनिकों ने बेडरूम से घसीटकर निकाला था

CNN ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी को बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और अपने कब्जे में लिया था। ट्रम्प ने कहा कि जब तक वेनेजुएला के हालात ठीक नहीं हो जाते, तब तक देश को अमेरिका ही चलाएगा। इसके लिए एक खास टीम बनाई गई है, जिसमें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।



### मादुरो की गिरफ्तारी के बाद क्यूबा को अमेरिका की चेतावनी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मादुरो की सुरक्षा और खुफिया तंत्र में क्यूबा का गहरा दखल था, इसलिए अगर वे क्यूबा की सरकार में होते तो जरूर चिंतित होते। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि क्यूबा की हालत खराब है और अमेरिका वहां के लोगों की मदद करना चाहता है। वहीं क्यूबा ने अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। क्यूबा सरकार ने इसे "राज्य प्रायोजित आतंकवाद" बताया और कहा कि यह कदम पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है।

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
Price ₹2/-
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



# चीन बोला- अमेरिका मादुरो को तुरंत रिहा करे

## राष्ट्रपति को अगवा करना गलत, वेनेजुएला पर हमले से न्यूयॉर्क मेयर ममदानी नाराज

डीटीएनएन । कराकस

चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना ने उन्हें वेनेजुएला की राजधानी काराकास से पकड़कर अमेरिका ले जाया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे 'एक्ट ऑफ वॉर' बताया और कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी कानून दोनों का उल्लंघन है। अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मादुरो की एक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में मादुरो ने ग्रे रंग का नाइकी स्वेटसूट पहना हुआ है। हथकड़ी लगे हाथों में वे पानी की एक बोतल पकड़े हुए हैं। आंखों पर काली पट्टी बंधी है, जबकि कान में हेडफोन लगे हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मादुरो की एक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में मादुरो ने ग्रे रंग का नाइकी स्वेटसूट पहना हुआ है। हथकड़ी लगे हाथों में वे पानी की एक बोतल पकड़े हुए हैं। आंखों पर काली पट्टी बंधी है, जबकि कान में हेडफोन लगे हुए हैं।




### भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया

विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत सरकार वेनेजुएला की बदलती स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। साथ ही सभी पक्षों से अपील की है कि वे बातचीत और शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। भारत सरकार ने यह भी बताया कि कराकस में भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद जारी रखेगा।

### ब्रिटेन बोला, वेनेजुएला पर ट्रंप का बयान स्पष्ट नहीं

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा। ब्रिटिश सरकार ने इस बयान पर कहा है कि उसे अभी ये समझ नहीं आ रहा है कि इस बात का क्या मतलब है। ब्रिटेन के वित्त मंत्रालय में चीफ सेक्रेटरी डैरेन जोन्स ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि ब्रिटिश सरकार इस बयान को लेकर उलझन में है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ट्रम्प की यह बात किसी देश पर जबरदस्ती शासन करने, यानी उपनिवेशवाद जैसी है, तो उन्होंने साफ कहा कि ब्रिटेन किसी भी तरह के उपनिवेशवाद के पक्ष में नहीं है।

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
Price ₹2/-
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित



# योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी 1200 नौकरियों की सौगात

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी

डीटीएनएन । लखनऊ

योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फामेर्सी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर करीब 1,200 से अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की सौगात मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी। वहीं, योगी सरकार जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) के नियुक्ति पत्रों का वितरण करेगी।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फामेर्सी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 12 सौ पदों क्रमशः सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फामेर्सी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर को सशक्त करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को केवल डिग्री देने तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे गुणवत्ता, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। इसी के तहत पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। जहां पहले कुछ गिने-चुने जिलों तक मेडिकल शिक्षा सीमित थी, वहीं, आज लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है। नए कॉलेजों के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

DT
Price ₹2/-
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# यूपी में व्यापार और निवेश का बन रहा बेहतर माहौल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि



डीटीएनएन । लखनऊ

उत्तर प्रदेश अब बेहतर कानून व्यवस्था और स्थिर प्रशासनिक माहौल के चलते देशभर के उद्योग जगत की पहली पसंद बनता जा रहा है. सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्ष शासन ने निवेशकों का भरोसा प्रदेश में मजबूत किया है. इसके परिणामस्वरूप बड़े, मध्यम और छोटे तीनों सेगमेंट के उद्योग तेजी से उत्तर प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी, नई दिल्ली, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इण्डिया ग्लाइको लि0, दिल्ली / नोएडा और सुनील मिश्रा ने मुलाकात कर निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया. प्रतिनिधियों ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है. अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं. सीएम योगी के साथ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी विचार विमर्श किया गया. उत्तर प्रदेश में डिक्रिमिनलाइजेशन विधेयक लागू होने के बाद इंडस्ट्री का भरोसा और बढ़ा है. इसके साथ ही प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहन के कारण ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि सख्त कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश का औद्योगिक वातावरण पूरी तरह बदल दिया है. निवेश निर्णयों के लिए आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिरता प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है. एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम को नई मजबूती प्रदान की है.

DT
सिर्फ सच
दीनार टाइम्स
भारत के नाम
Price ₹2/-
कानपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026 E-Edition
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में प्रसारित

# भाजपा संगठन एक्शन मोड में न आया तो बिगड़ेगी छवि

## पूर्व महापौर रवींद्र पाटनी से दीनार टाइम्स ने की एक्सक्लुसिव बातचीत

DT EXCLUSIVE

अंजनी निगम » डीटीएनएन

कानपुर। नगर निगम में महापौर के समर्थक और विरोधी पार्षदों के नाम पर चल रही गुटबाजी इन दिनों चरम पर है। संगठन भी पूरी स्थितियों पर मौन साधे है, शायद वह किसी को नाराज नहीं करना चाहता है क्योंकि दोनों ही तरफ से बड़े-बड़े नेता लगे हुए हुए हैं जो पार्षदों को "टूल" के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इन सारे बिंदुओं पर भारतीय जनता पार्टी में तेज तर्रार नेता के रूप में पहचाने जाने वाले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाटनी से दीनार टाइम्स के समाचार संपादक ने विस्तार से बात की। 1972 में जनसंघ काल में पोलिंग एजेंट से लेकर वार्ड अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और 1985 से 1990 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा में रवीन्द्र पाटनी अध्यक्ष रहे। भाजपा में 1996 से 2001 तक जिलाध्यक्ष और 2006 में नगर निगम में चुनाव जीत कर महापौर बने। गुटबाजी पर उनका कहना है कि संगठन को वेट एंड वाच से अब एक्शन मोड में अभिभावक की भूमिका में आना होगा अन्यथा नगर निगम और संगठन की छवि खराब होगी।



# मिशन के प्रोफेशन में बदलने के कारण समस्याएं बढ़ीं: पूर्व महापौर



DT EXCLUSIVE

पूर्व महापौर रवींद्र पाटनी से दीनार टाइम्स ने की एक्सक्लुसिव बातचीत

अंजनी निगम, डीटीएनएन

कानपुर, भाजपा संगठन में जिला कार्यकारिणी चुनाव में 114 में से सर्वाधिक 82 मत पाकर स्वर्गीय गोपाल अवस्थी की अध्यक्षता वाले कार्यकाल में सदस्य का चुनाव जीतने वाले रवीन्द्र पाटनी का मानना है कि नगर निगम में पार्षदों के बीच चल रही गुटबाजी के से जहां एक ओर नगर में विकास की गति प्रभावित हो रही है वहीं संगठन की छवि भी खराब हो रही है। यदि इसे तुरंत न ठीक करते हुए रोका गया तो इसका असर अगले वर्ष नगर निगम और प्रदेश विधानसभा के चुनावों पर भी पड़ सकता है। प्रस्तुत हैं भाजपा नेता रवीन्द्र पाटनी से हुई वार्ता के प्रमुख अंश ज.

**प्रश्न - क्या इन सबका नगर निगम और संगठन छवि पर प्रभाव पड़ रहा है ?**

उत्तर - जो स्थितियां नजर आ रही हैं, उनसे पार्टी की छवि तो प्रभावित हो ही रही है, मुझे लगता है कि साथ में नगर निगम की छवि भी गड़बड़ा रही है। नगर निगम का कार्य विकास करना है लेकिन इन सब से उनकी गति प्रभावित होती है। नगर निगम सदन को भवन कर का मुद्दा मिल कर उठाना चाहिए था जो 2022 से टैक्स तो बढ़ा दिया लेकिन भवन स्वामियों को इसकी कोई सूचना नहीं दी और 2024-25 में स्वामियों को बिल पकड़ा दिए जो अनुचित निर्णय है। पिछला कर लेने का आपका अधिकार नहीं था, न ही सदन में इसे पारित करना चाहिए। इससे नगर के सभी भवन स्वामी प्रभावित हो रहे हैं।

**प्रश्न - आपके अनुसार पार्षदों को इस चुनावी अंतिम वर्ष में कौन से कार्य करने चाहिए ?**

उत्तर - देखिए, शहर में सफाई की दिशा में कार्य तो हुआ है लेकिन अभी भी इस दिशा में और कार्य करने की जरूरत है। दूसरा सड़कें बनाने के बाद जल्द ही खराब हो जाती हैं, इन पर ध्यान ही नहीं देना चाहिए बल्कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी करना चाहिए। सीसामऊ विधानसभा के चुनाव के समय प्रमुख सड़कें बनाई गयी थीं जो गुणवत्ता में कमी के चलते खराब होने लगीं हैं। शहर में जो नागरिक सुविधाएं होती हैं वो अभी और सुधार मांग रही हैं। पार्षदों को इस पर ध्यान देना चाहिए।

**प्रश्न - क्या वर्तमान राजनीतिक क्षेत्र में किसी तरह का भटकाव महसूस करते हैं ?**

उत्तर - मुझे लगता है कि पहले राजनीति मिशन थी किंतु अब वह प्रोफेशन बनती जा रही है जिसके कारण वर्तमान स्थितियां दिख रही हैं। पहले लोग राजनीति में आते थे तो वो मिशन यानी सेवा के रूप में आते थे किंतु अब इसमें प्रोफेशन हावी हो गया है। प्रोफेशन के हावी होने से तब निजी स्वार्थ सामने आने लगते हैं। आज वही चीज ज्यादा नजर आ रही। राजनीतिक संगठन हो या सामाजिक सभी को मिशन के रूप में कार्य करने से स्थितियों में सुधार आएगा।

**प्रश्न - क्या आउट सोर्सिंग से भी कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है ?**

उत्तर - जी हां, आउट सोर्सिंग भी कार्यों की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। आउट सोर्सिंग में कार्य करने वाले व्यक्ति का भविष्य असुरक्षित रहता है, उसे हर समय लगता है कि कंपनी उसे कभी भी काम से निकाल सकती है। मेरे कार्यकाल में भी इसे लागू किया जा रहा था किंतु कड़ा विरोध करने के कारण इसे नहीं लागू होने दिया था। ये अधिकारियों के कमीशन का केंद्र तो बन रहा है क्योंकि आउट सोर्स प्रोवाइडर अपने भुगतान पाने के लिए कमीशन देता है। इससे न तो नगर निगम को लाभ हो रहा है और न ही कर्मचारियों को लाभ मिल रहा है।

**प्रश्न - क्या आउट सोर्सिंग के नाम पर नगर निगम की स्वात्तता प्रभावित हो रही है ?**

उत्तर - नगर निगम एक स्वायत्तशासी संस्था है, इसकी व्यवस्थाओं में प्रदेश शासन को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। नगर निगम निधि के उपयोग का अधिकार नगर निगम सदन को होता है, शासन को केवल सुझाव देना चाहिए।

**प्रश्न - वार्डों में धन आवंटन में क्या किया जाना चाहिए ?**

उत्तर - हर वार्ड को एक नजर से नहीं देखा जा सकता है, बहुत से वार्ड अति विकसित की श्रेणी में आते हैं जहां पर धन की आवश्यकता बहुत ही कम है जबकि नगर के बाहरी क्षेत्रों के वार्डों में आज भी विकास की जबर्दस्त आवश्यकता है। इसलिए वार्डों की जरूरत के हिसाब से धन का आवंटन होना चाहिए। ऐसा न होने से ठीक ठाक फुटपाथ को खोद कर फिर से टाइल्स लगाए जा रहे हैं। इससे धन का अपव्यय हो रहा है।

**प्रश्न - नगर निगम के कई अस्पताल हैं लेकिन बेकार पड़े हैं, इनका सुधार होना चाहिए ?**

उत्तर - अपने कार्यकाल में मैंने आईएमए से बात कर गोविंद नगर के जागेश्वर अस्पताल में चिकित्सकों का बैठना सुलभ कराया था जो निशुल्क परामर्श देते थे। इसी तरह बाबूपुरवा में बीएन भल्ला हॉस्पिटल है। मुलायम सरकार ने नगर निगमों को चिकित्सा हेड से बाहर कर दिया था जिसके कारण वहां पर वित्तीय संकट आ गया। इस बारे में सांसदों और विधायकों को विचार करना चाहिए और अपनी निधि से इनका विकास करना चाहिए ताकि गरीब लोगों को इलाज मिल सके।

# यूपी ठंड से कांपा पारा 3.2°C पहुंचा बारिश के आसार



डीटीएनएन । लखनऊ
प्रदेश में अब पहाड़ों जैसी ठंड पड़ रही है। इससे अभी राहत मिलने वाली नहीं है, क्योंकि मौसम विभाग ने तीन दिनों तक भीषण ठंड का अलर्ट जारी किया है। लोगों से बेवजह घर से न निकलने की सलाह दी है। कहा- जरूरी हो, तभी यात्रा करें। अगले दो दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट के आसार हैं। ऐसे में धूप के दर्शन भी मुश्किल से होंगे। आज सुबह से कानपुर, गोरखपुर समेत 35 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। अयोध्या का राम मंदिर और आगरा ताजमहल छिप गया। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। 10 मीटर दूर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। गोरखपुर, वाराणसी और लखनऊ रेलवे स्टेशनों से 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। फ्लाइट पर भी कोहरे का असर पड़ा है। 10 फ्लाइटें देरी से चल रही हैं। भदोही, बलिया, संभल और गाजीपुर समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं। बारिश भी हो सकती है। रविवार सुबह पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट के मुताबिक, कानपुर 3.2C तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। इसके बाद इटावा का न्यूनतम तापमान 3.8C, बाराबंकी 4.5C, शाहजहांपुर 4.6C, हरदोई 5C रहा। इससे पहले एक जनवरी को बाराबंकी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। पारा 3 डिग्री पहुंच गया था। यूपी सरकार अलर्ट मोड पर है। सीएम योगी ने खुद वाराणसी के टाउन हॉल में बने रैन बसेरे का दौरा किया। वहां लोगों को खाना और कंबल बांटे। सीएम ने अफसरों को भी फील्ड में उतरने को कहा है। उन्होंने कहा- अफसर जमीनी हकीकत का जायजा लें और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव और कंबलों की व्यवस्था कराएं।

## इन जिलों में कोहरे का अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर।

## जनवरी में रहेगा ठंड और कोहरे का असर

मौसम विभाग के मुताबिक, 7 जनवरी तक प्रदेश में ठंड और कोहरे का असर बना रहेगा। न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहेगा। कुछ इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी देखने को मिल सकती है। पूरे महीने की बात करें तो शीतलहर के दिन औसत से 3 दिन अधिक रह सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में जारी ला-नीना परिस्थितियां धीरे-धीरे कमजोर होकर जनवरी-फरवरी-मार्च में तटस्थ स्थिति में बदल सकती हैं। इसके असर से जनवरी में प्रदेश के बड़े हिस्से में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य या उससे थोड़ा अधिक रह सकता है।






# इस्कॉन मंदिर मैनावती मार्ग कानपुर में 14 जनवरी को होगा भव्य सम्मान समारोह



डीटीएनएन। कानपुर
ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया की बैठक हुई जिस बैठक में सम्मिलित संस्था के संरक्षक पंडित केए दुबे पद्मेश, अध्यक्ष एस के पालीवाल, राष्ट्रीय महासचिव दिनेश दुबे, एडवोकेट राकेश तिवारी, प्रेम त्रिपाठी, हरि त्रिपाठी ने बताया की ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा के तत्वावधान में 14 जनवरी को 'गुरु संदीपनी सम्मान उत्तरायण 2026' कार्यक्रम का आयोजन इस्कॉन मंदिर मैनावती मार्ग कानपुर में होने जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षक पंडित के दुबे पद्मेश ने बताया कार्यक्रम में 14 विद्वानों, समाजसेवियों, शिक्षाविद एवं पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा एवं देश के कई राजनेता भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एस के पालीवाल ने बताया समाज की निर्बल महिलाओं को संस्था द्वारा 14 सिलाई मशीन वितरित की जाएगी तथा संस्था के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश दुबे ने बताया 14 जनवरी अर्थात मकर संक्रांति के अवसर पर कार्यक्रम में 14 प्रकार की खिचड़ियां एवं 14 प्रकार के व्यंजन की भी व्यवस्था की गई है।

DT दीनार टाइम्स



# राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में 4.92 करोड़ से बनेगा मिनी स्टेडियम



**डीटीएनएन कानपुर नगर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर नगर परिसर में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम शनिवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। यह मिनी स्टेडियम 4 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा, जिससे विद्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र कानपुर के माननीय सांसद श्री रमेश अवस्थी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय सदस्य विधान परिषद श्री अरुण कुमार पाठक उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के पश्चात माननीय सांसद श्री रमेश अवस्थी ने कहा कि 卐खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का आधार हैं। राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में बनने वाला यह मिनी स्टेडियम कानपुर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने का अवसर देगा। केंद्र व राज्य सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं।卐

वहीं विशिष्ट अतिथि माननीय एमएलसी श्री अरुण कुमार पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि 卐शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इस मिनी स्टेडियम के निर्माण से सरकारी विद्यालयों के छात्र भी बेहतर संसाधनों के साथ अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। यह परियोजना कानपुर नगर के शैक्षणिक व खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।卐

इस अवसर पर श्री संजय यादव प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज, डॉ. संतोष कुमार राय, जिला विद्यालय निरीक्षक, अतुल दीक्षित प्रवक्ता बीएनएसडी इंटर कॉलेज, राम जी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण की अपेक्षा जताई गई।

DT दीनार टाइम्स
भारत के नाम सिर्फ सच
www.dtstar.in
DT STAR
JBP INITIATIVE
पर क्लिक करें
ताजा खबरों के लिए और दीनार टाइम्स ई-पेपर के लिए
वेबासाइट पर जाएं

# बर्रा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



डीटीएनएन। कानपुर
साउथ सिटी की बर्रा थाना पुलिस ने रेकी करने के बाद घरों में चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार करने का काम किया है, गिरफ्तार किए गए चोरों के कब्जे से नकदी सहित लाखो की कीमत के जेवरात और चोरी में प्रयोग करने वाली ऑटो को बरामद करने का काम किया है, डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने प्रेस वार्ता करके इस खुलासे के बारे में जानकारी दी, उन्होंने थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव और उनकी टीम की सराहना करते हुए ईनाम की भी घोषणा की है,गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विष्णु और राज सक्सेना शामिल हैं, गिरफ्तारी में इनकी भूमिका रही अहम 1-गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी विकाश शर्मा,दरोगा हिमांशू त्यागी,सिपाही अंकित सहित अन्य लोग शामिल रहे...



# विशाल भंडारा और कम्बल वितरण

डीटीएनएन

घंटाघर सुतरखाना व्यापार मंडल के तत्वावधान में आज घंटाघर स्थित जे.के. पैलेस के पास विशाल भंडारे एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग दो हजार गरीब एवं बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे वे इस भीषण ठंड से अपना बचाव कर सकें। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौवां भंडारा एवं कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कानपुर के सांसद आदरणीय श्री रमेश अवस्थी ने किया। इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि गरीबों एवं बेसहारा लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने व्यापार मंडल के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी।

दोपहर से देर शाम तक चले इस विशाल भंडारे में लगभग



10 हजार लोगों ने भोजन ग्रहण किया, वहीं 5 हजार से अधिक गरीब एवं बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की सराहना न केवल क्षेत्रवासियों बल्कि आसपास से आए लोगों ने भी की।

इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, घंटाघर सुतरखाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज बाजपेई, प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई, विवेक खरे, राजा शुक्ला, अनिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




QCI Quality Council of India
24/7 SERVICE
TULSI HOSPITALS INDIA LTD
sehat ka bharosa
25th ANNIVERSARY
14/116 A CIVIL LINES , KANPUR 208001
PHONE : +91-9598060511-512-513
24x7 उपलब्ध सुविधाएं
I.C.U PATHOLOGY PHARMACY
N.I.C.U BURN UNIT TRAUMA
DIALYSIS ULTRA SOUND O.P.D
MODULAR O.T MEDICO-LEGAL X-RAY
आयुष्मान / पं० दीन दयाल कार्ड द्वारा फ्री सर्जरी
Central Government Health Scheme ECHS BSNL
CGHS,ECHS,FCI,ESIC,RAILWAY कार्ड धारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध



# कांग्रेस ने जुलूस हैदरी का किया स्वागत

डीटीएनएन। कानपुर
आज हजरत अली जी के जन्मदिन के अवसर पर निकलने वाले जुलूसे हैदरी का स्वागत महानगर कांग्रेस कमेटी कानपुर ने महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में सूटर गंज ग्वालटोली में कैंप लगाकर किया द्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन और क्षेत्रीय अल्पसंख्यक समुदाय के लोग उपस्थित रहे। जुलूस के स्वागत में वेज बिरियानी, ब्रेड ,बिस्कुट ,दाल मोठ ,चाय, कॉफी का वितरण हुआ।

इस स्वागत का संयोजन वार्ड अध्यक्ष दिलशाद अहमद ने किया। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता,वार्ड अध्यक्ष दिलशाद अहमद ,मंडल अध्यक्ष वहाजूद्दीन खान , पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा,पूर्व महानगर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी, शकील मंसूरी, दिलीप बाजपेई, अजय त्रिपाठी ,असलम खान आदि थे।




DT दीनार टाइम्स भारत के नाम सिर्फ सच
www.dtstar.in
DT STAR JBP INITIATIVE
पर क्लिक करें
ताजा खबरों के लिए और दीनार टाइम्स ई-पेपर के लिए
वेबासाइट पर जाएं




# 32 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

डीटीएनएन

जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर के नेतृत्व में विवेक चर्तुवेदी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जनपद कानपुर नगर ने 01 जनवरी 2026, को निर्वाचन कार्यालय, कलेक्ट्रेट से आपदा मित्र योजना के तहत द्वितीय चरण में 32 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले में आपदा का सामना करने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जिले में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। इन सभी को 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ लखनऊ भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। आपदा मोचक निधि से आपदा मित्र परियोजना संचालित की जाएगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों पर इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सीपीआर आदि का निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला आपदा विशेषज्ञ जुगबीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका उपयोग आपदा के समय किया जा सके, जिसमें फर्स्ट एड किट, लाइफ जैकेट, टार्च, सुरक्षा हेलमेट, लाइटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री विमलेश कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक उपनियन्त्रक नागरिक सुरक्षा, कानपुर नगर सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



DT दीनार टाइम्स





# विजय कपूर को मिला 'बिजनेस पर्सन आफ द ईयर' का इन्टरनेशनल बिजनेस अवार्ड -2025

ीटीएनएन

ू.एस.ए. के एक प्रमुख यवसायिक प्रतिष्ठान 'इन्टरनेशनल ांड कन्सल्टिंग कार्पोरेशन' के ी.ई.ओ. श्री हेमन्त कौशिक ारा कोआपरेटिव इस्टेट के ेयरमैन विजय कपूर को कोपेस्टेट ार्यालय में 'बिजनेस पर्सन आफ ़ ईयर' के इन्टरनेशनल बिजनेस ़वार्ड 2025 से अलंकृत किया।

चेयरमैन विजय कपूर ने उक्त ़वार्ड को दादा नगर के उद्यमियों ो समर्पित करते हुए कहा कि ़ह एवार्ड दादा नगर के उद्यमियों ी कड़ी मेहनत, समर्पण और ़नकी शुभकामनाओं से प्राप्त हुआ ़, जिसके लिये वे अपने उद्यमी ़ाथियों के शुक्रगुजार हैं और इन्टरनेशनल ब्रांड कन्सल्टिंग कार्पोरेशन' के छश्वह श्री हेमन्त कौशिक का भी आभार व्यक्त करता हूँ, कि आपने इस एवार्ड के लिये मुझे चुना। मेरी आकांक्षा है कि अगले वर्ष भी आप हमारे दादा नगर के उद्यमियों में से किसी को चुन कर यह एवार्ड प्रदान करें और हमारे दादा नगर के उद्यमी खूब तरक्की करें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित नवीन मल्होत्रा, अरविन्द झा, प्रवीन विज दरोगा, पम्मी खन्ना, वीरेन्द्र मिश्रा, पुनीत वोहरा, अवधेश त्रिपाठी, शिव कुमार प्रजापति, सन्तोष गुप्ता, संजीव कपूर, सुरेश गोयल, प्रेम नरायन शर्मा सहित सभी उद्यमियों ने चेयरमैन विजय कपूर को इस एवार्ड के लिये बॅधाई अर्पित कीं।








Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

DT दीनार टाइम्स



# कानून व्यवस्था के मामले में नंबर वन है कानपुर जोन पुलिस

डीटीएनएन

उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध नियंत्रण के प्रति सख्त एवं स्पष्ट नीति के अंतर्गत वर्ष-2025 में कानपुर जोन पुलिस द्वारा किए गए प्रभावी एवं योजनाबद्ध प्रयासों के परिणामस्वरूप कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। निरंतर सघन पुलिसिंग, त्वरित निरोधात्मक कार्यवाही तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर कदमों के चलते जोन में घटित अपराधों में निरंतर गिरावट देखने को मिली है, जो जनसुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

कानपुर जोन पुलिस द्वारा कार्यप्रणाली की गुणवत्ता में सुधार करते हुए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की गयी। पुलिस की त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही के परिणाम स्वरूप विभिन्न श्रेणीयों के जघन्य अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आयी है। शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति अपनाई गई संवेदनशील नीति के दृष्टिगत कानपुर जोन पुलिस द्वारा पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ की गई प्रभावी कार्यवाही से महिला सम्बन्धी अपराधों में निरंतर कमी आई एवं महिलाओं में स्वावलंबन एवं सुरक्षा की भावना का विकास हुआ।

वर्ष 2025 में कानपुर जोन के अन्तर्गत समस्त जनपदों के थाना स्तर पर घटित अपराधों एवं उनमें कृत कार्यवाहियों का विस्तृत संकलन एवं विश्लेषण किया गया। तुलनात्मक विश्लेषण से पाया गया कि विगत वर्ष 2024 के सापेक्ष वर्ष 2025 में लूट के अपराधों में 39 प्रतिशत की कमी, हत्या सम्बन्धी अपराधों में 12 प्रतिशत कमी, बलवा के अपराधों में 11 प्रतिशत कमी, वाहन चोरी के अपराधों में 18 प्रतिशत कमी, अन्य कुल चोरी सम्बन्धी अपराधों में 14 प्रतिशत



कमी, अपहरण के अपराधों में अब तक 95 प्रतिशत अपहृताओं की सकुशल बरामदगी करने में कानपुर जोन की पुलिस पूर्णतः सफल रहा है। इसी प्रकार उत्तर-प्रदेश सरकार के निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं से सम्बन्धित अपराधों के अध्ययन एवं विश्लेषण से पाया गया कि

गो-वध से सम्बन्धित अपराधों में 20 प्रतिशत की कमी आयी है। इसी प्रकार गौ-वध जैसे संवेदनशील अपराधों में वर्ष 2025 में कुल 84 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा 04 अपराधियों के विरुद्ध रासुका के अन्तर्गत कार्यवाही, 02 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम अन्तर्गत कार्यवाही कर 17,54,697 रुपये की सम्पत्ति जब्त की गयी तथा 05 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए 15 वाहन सीज किए गये।

महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष प्रयास महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानपुर जोन पुलिस द्वारा वर्ष-2025 में महिला सम्बंधी अपराधों की रोकथाम, त्वरित निस्तारण एवं पीड़िताओं को न्याय दिलाने हेतु सशक्त, संवेदनशील एवं बहुआयामी कार्यवाही की गई है। शासन की स्पष्ट मंशा के अनुरुप महिला सम्मान, सुरक्षा एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई। महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्परतापूर्वक गिरफ्तारी करायी गयी तथा वर्ष 2025 में 1845 आपराधिक व्यक्तियों के विरुद्ध गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी, जिसके परिणामस्वरूप बलात्कार के अपराधों में 33 प्रतिशत, शीलभंग के अपराधों में 09 प्रतिशत तथा पॉक्सो एक्ट / अपहरण के अपराधों में 01 प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुयी है। महिला सम्बंधी मामलों में त्वरित एफआईआर पंजीकरण, समयबद्ध विवेचना तथा प्रभावी अभियोजन के माध्यम से दोषियों को कठोर दंड दिलाना सुनिश्चित किया गया। ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत महिला सम्बन्धी अपराधों में 304 व्यक्तियों को सजा करायी गयी, जिसके अन्तर्गत 35 अपराधियों को आजीवन कारावास, 65 अपराधियों को 20 वर्ष या इससे अधिक के कारावास तथा 204 अपराधियों को 20 वर्ष से कम के कारावास से दण्डित कराया गया, जिससे समाज में स्पष्ट एवं कठोर संदेश गया है।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता को केंद्र में रखते हुए ग्राम, वार्ड एवं न्याय पंचायत स्तर पर 2533 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें अन्य विभाग के कुल 5892 कर्मी (आँगनबाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, ए0एन0एम0, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी, रोजगार सेवक आदि) उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रमों के दौरान कुल 64600 महिला/बालिका उपस्थित रही, जिन्हें महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा प्रचार-प्रसार सम्बन्धी 62891 सामग्री वितरित की गयी। चलाये गये अभियान में कुल-4884 महिलाओं/बालिकाओं की काउन्सलिंग की गयी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सहायता तंत्रों की जानकारी प्रदान की गई। घरेलू हिंसा से पीड़ित 345 महिलाओं का चिन्हीकरण किया गया, 340 महिलाओं / बालिकाओं को काउन्सलिंग/विधिक सहायता उपलब्ध करायी गयी। 597 घरेलू विवाद एवं गुजारा भत्ता के प्रकरणों से सम्बन्धित मा0 परिवार न्यायालय के एक्टिव सम्मनों में से 438 का तामीला कराया गया। महिला सम्बन्धी अपराधों में वर्ष 2025 में जेल से रिहा 1135 अभियुक्तों में से 786 का सत्यापन कराया गया।

महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी, संवाद एवं विश्वास

Turn To Next Page

Continued from previous page...

आधारित पुलिसिंग को सुदृढ़ किया गया। कानपुर जोन के अधीनस्थ जनपदों में कुल 139 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्रो की स्थापना करते हुये उनके सफल एवं कुशल संचालन हेतु प्रत्येक थाने के थाना प्रभारी, कुल 232 उपनिरीक्षक (199-पुरुष, 33-महिला) कुल 127 मुख्य आरक्षी (70-पुरुष, 57-महिला) कुल 597 आरक्षी (219-पुरुष 378-महिला) एवं 41 पीआरडी / होमगार्ड की नियुक्ति की गयी है। कुल नियुक्ति 1233 पुलिस कर्मियों में से 1079 पुलिस कर्मियों द्वारा द्वत्रहक्ष कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है। पुलिस के उत्तरदायित्व तथा विभिन्न महिला अपराधों के सम्बन्ध में समस्त कार्यवाही मानक संचालन प्रकिया में निहित निर्देशों के अनुसार सम्पादित करायी जा रही है, जिनका समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। महिला सम्बंधी अपराधों में जेल से रिहा अभियुक्तों का सत्यापन कर पुनरावृत्ति की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की गई। मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता, मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया। इन समेकित प्रयासों के परिणामस्वरुप कानपुर जोन में महिला अपराधों में निरंतर एवं उल्लेखनीय गिरावट परिलक्षित हुई है, जो महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

अपराधों में अभूतपूर्व कमी के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कानपुर जोन पुलिस द्वारा विधि अनुमन्य प्रावधानों के अनुसार बड़ी मात्रा में निरोधात्मक कार्यवाही को अमल में लाकर वर्ष 2025 में अब तक 1845 गुण्डा अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा 110 (मिनी गुण्डा) अन्तर्गत 13,891 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही कर भारी धनराशि से पाबन्द मुचलका कराया गया तथा 351 गुण्डा अपराधी जिलाबदर किए गये है। गुण्डा जिलाबदर अपराधियों द्वारा शर्तों का उल्लघंन करने पर 34 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गैंग्स्टर अधिनियम




अन्तर्गत 398 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया है तथा 40 अपराधियों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गयी 108 करोड़ रुपये की सम्पत्तियों का जब्तीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त आलोच्य वर्ष 2025 में 14 अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है।

कानपुर जोन के अधीनस्थ जनपदो में अपराधिक कृत्यों में लिप्त चिन्हित 425 माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 24 अपराधियों पर एन0एस0ए0 तथा 282 अपराधियों पर गैंगस्टर, 259 पर गुण्डा तथा 268 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खुलवाई गयी है। वर्तमान समय में 63 अपराधी जेल में है। अपराधियों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गयी सम्पत्ति 1144 करोड़ रुपये की जब्तीकरण की कार्यवाही तथा बड़े माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रदेश स्तर पर चिन्हित जनपद फतेहगढ़ के माफिया अनुपम दुबे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 241 करोड़ रुपये की सम्पत्ति तथा जनपद झांसी के माफिया दीप नरायण उर्फ दीपक यादव कुल 573 करोड़ तथा जनपद कन्नौज के अपराधी नवाब सिंह की कुल 20 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की गयी है। माफिया अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए अरबों रुपये की अवैध सम्पत्तियां जब्त की गयी। प्रदेश के कुख्यात माफिया तत्वों की आर्थिक रीढ़ तोड़ने में कानपुर जोन पुलिस का उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कृत कार्यवाही में वर्ष 2025 में 4617 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2376 लीटर अंग्रेजी शराब, 52,750 लीटर देशी शराब जिसकी सम्पूर्ण अनुमानित कीमत 01 करोड़ 20 लाख से अधिक की बरामदगी कर 36 अवैध शराब बनाने के कारखानों को नष्ट कर आबकरी सम्बन्धित अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गयी। मादक पदार्थों के अन्तर्गत गांजा 2576 किलोग्राम, चरस 02 किलो 64 ग्राम, अफीम 01 किलो 65 ग्राम बरामद कर, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 04 करोड़ 26 लाख रुपये है, %नशे के कारोबार को ध्वस्त करने में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वर्ष 2025 में 1078 अवैध शस्त्र व 08 अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी कर 1164 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा कानपुर जोन में 3,38,550 रुपये फर्जी करेन्सी बरामद कर 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

अन्य सराहनीय कार्यों के अन्तर्गत चोरी के अपराधों में 325 दो पहिया वाहन व 28 चार पहिया वाहन बरामद किया गया तथा 99,79,065 रुपये नगद व 35,37,707 रुपये की ज्वैलरी तथा 02,47,69,155 रुपये के अन्य सम्पत्ति की बरामदगी की गयी। इसी प्रकार लूट के अपराधों में 10 दो पहिया वाहन व 02 चार पहिया वाहन बरामद किया गया तथा 06,47,971 रुपये नगद व 19,06,050 रुपये की ज्वैलरी तथा 06,51,379 रुपये के अन्य सम्पत्ति की बरामदगी तथा डकैती के अपराधों में 08 हजार नगद व 01 लाख रुपये की ज्वैलरी तथा 25,34,569 रुपये की अन्य सम्पत्ति की बरामदगी की गयी। खोये/गुमशुदा 3002 मोबाइल बरामद किए गये, जो सम्बन्धित को वापस किये गये जिनकी अनुमानित कीमत 05,75,45,999 रुपये है।

शासन द्वारा जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के दृष्टिगत उनके द्वारा संचालित जनसुनवाई-समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित / समयबद्ध निस्तारण किए जाने में कानपुर जोन अव्वल रहा है। शासन द्वारा माह नवम्बर-2025 की जारी की गयी मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में कानपुर जोन तथा कानपुर जोन अन्तर्गत दोनो परिक्षेत्र कानपुर/झांसी व 02 जनपद क्रमशः फतेहगढ़, कन्नौज एवं कुल 139 थानों में से 75 थानों ने प्रथम रैंक प्राप्त किया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में अब तक कानपुर जोन 11 बार, कानपुर परिक्षेत्र-09, झांसी परिक्षेत्र-08 तथा जनपद कानपुर देहात-01, इटावा-01, औरैया-01, फतेहगढ़-02, कन्नौज-02, झांसी-01, जालौन 01 व ललितपुर-02 बार प्रथम रैंक प्राप्त किया है, साथ ही ललितपुर-06 बार टॉप-10 जनपदों में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुये प्रत्येक स्तर पर सतत् अनुश्रवण किया जा रहा है।

साइबर अपराध/ धोखाधड़ी के अपराधों की रोकथाम एवं घटित घटनाओं में त्वरित कार्यवाही हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत जोन स्तर पर 6078 कार्मिकों को साइट्रेन कोर्स हेतु रजिस्ट्रेशन कराकर 3856 कार्मिकों को प्रशिक्षित कराया गया।

DT दीनार टाइम्स



# अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन

डीटीएनएन। कानपुर



आज गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाजपत नगर मंडल स्थित अमर गेस्ट हाउस में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यशस्वी विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अनिल दीक्षित जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल जी एवं कानपुर सांसद श्री रमेश अवस्थी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ ही समाज सुधारिका माता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर भी पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रेरणादायी जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं उनके ओजस्वी व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने अटल जी की स्मृतियों को साझा करते हुए उनकी चर्चित कविताओं का पाठ भी किया, जिससे सभागार भावविभोर हो उठा।

कार्यक्रम का सफल एवं सधे हुए शब्दों में संचालन श्री सत्येंद्र पांडे जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की नातिन श्रीमती नमिता मिश्रा जी का अंगवस्त्र (पटका) पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष श्री अजय राय, श्री दीपक सिंह, श्री दीपक शुक्ला, श्री सुमित पावा, श्री विजय पटेल, श्री रवींद्र पाटनी, श्री कौशल किशोर दीक्षित, श्री अवधेश सोनकर, श्री विनय पटेल, कार्यक्रम संयोजक श्री राघवेंद्र दुबे रवि, श्री अरुण दुबे, श्री दीपक राजपूत, श्री प्रदीप भाटिया, श्री संतोष सिंह गोले, श्री सत्यनारायण गुप्ता, श्रीमती राधा पांडे, श्री संजय लाला, श्री प्रदीप गुप्ता, श्री सतीश शुक्ला, श्रीमती शोभा शुक्ला, श्री मनोज शुक्ला, श्रीमती प्रीति गौतम, श्री अजीत नाहर, श्री अजय गुप्ता, श्री विजय मिश्रा, श्री अरुण पाल, श्रीमती सरोज सिंह, श्री अनुपम मिश्रा, श्रीमती पूनम कपूर, श्री पारस मदान सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सम्मेलन ने अटल जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त करने का संदेश दिया।






# मतदाता सूची की शुद्धता और नए मतदाताओं के जुड़ाव पर दिया जोर



डीटीएनएन

गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के लाजपत नगर मंडल स्थित अमर गेस्ट हाउस में विधानसभा स्तर पर स्क्र(मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान) की द्वितीय कार्यशाला का आयोजन विधायक सुरेंद्र मैथानी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं सांसद रमेश अवस्थी जी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सत्येंद्र पाण्डेय द्वारा किया गया।

कार्यशाला की शुरुआत देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सदन में दिए गए वक्तव्य के वीडियो प्रसारण के माध्यम से की गई, जिसमें स्क्रअभियान की आवश्यकता, पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल जी ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का आह्वान किया।

विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि मतदाता गहन प्रशिक्षण एवं पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण संभव हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान के दौरान बाहरी क्षेत्रों से आए अवैध एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जिससे निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित हुई है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय राय, दीपक सिंह, दीपक शुक्ला, सुमित पावा, विजय पटेल, रवींद्र पाटनी, कौशल किशोर दीक्षित, अवधेश सोनकर, विनय पटेल, राघवेंद्र दुबे, रवि अरुण दुबे, दीपक राजपूत, प्रदीप भाटिया, संतोष सिंह गोले, सत्यनारायण गुप्ता, राधा पांडे, संजय लाला, प्रदीप गुप्ता, सतीश शुक्ला, शोभा शुक्ला, मनोज शुक्ला, प्रीति गौतम, अजीत नाहर, अजय गुप्ता, विजय मिश्रा, अरुण पाल, सरोज सिंह, अनुपम मिश्रा, पूनम कपूर, पारस मदान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला का उद्देश्य स्क्र अभियान को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाना, मतदाता सूची की शुद्धता बनाए रखना तथा लोकतंत्र को मजबूत करना रहा।

# विधायक सुरेंद्र मैथानी ने सीटीआई नहर का किया आकस्मिक निरीक्षण





डीटीएनएन

विधायक सुरेंद्र मैथानी ने निरीक्षण दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर डाटते हुए कहा कि सीटीआई नहर में जो गंदगी जमा है उसको साफ करवाने का काम ,आप लोगों द्वारा गैर जिम्मेदाराना तरीके से किया जा रहा है। मजदूरों के हाथ और पैर में या उनकी जान की सेफ्टी के लिए किसी प्रकार की कोई भी सेफ्टी नहीं है और ऐसे में गरीब मजदूर दलदल में नंगे पांव घुश कर इस क□ाके की ठंड में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर, आप लोगों द्वारा नहर की सफाई करा रहे हैं जिससे वो मलवे में दबे नुकिली चीजों और दलदल में बिना सुरक्षा मानकों को पूर्ण किए सफाई करने वाले गरीब मजदूर में से किसी की जान जाएगी तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ? सख्त हिदायत देते हुए कहा काम अविलम्ब रोक दिया जाए। पहले सुरक्षा की जिम्मेदारी और सारे यंत्र उनको दिए जाएं तब सफाई प्रारंभ की जाए। किसी भी गरीब आदमी की जान से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। मौके से ही टेलीफोन वार्ता करके विधायक जी ने नगर आयुक्त उपाध्याय जी से कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी छठी मैया का पूजन हमारे यहां होता है और मैं चाहता हूं कि पूरे कानपुर के लाखों लोग, हमारे विधानसभा से निकलने वाली 03 किलोमीटर सीटीआई नहर को पक्के होने के उपरांत, उस पर सुंदर वातावरण में,छटी मैया के पूजन को पूर्ण कर करें। उक्त 03 किलोमीटर लंबी नहर को पक्का करने के लिए बने प्रोजेक्ट,जिसकी लागत कुल 17 करोड़ है,उसमें से, एक पार्ट को,जिसकी लम्बाई लगभग 1.4 किलोमीटर है उसको पक्का करने के लिए,15 वें वित्त आयोग में,आप/ नगर निगम द्वारा, कल 17 करोड़ में से, पहले 07 करोड रुपए दिए गए हैं। जिसे सिंचाई विभाग को ट्रांसफर कर दिया जाए और इसकी एक कार्य योजना की बैठक अभिलंब बुला लीजिए, जिसमें मैं स्वयं उपस्थित रहूंगा। जिससे सीटीआई नहर सफाई का बार-बार का झंझट ही खत्म हो जाएगा।और हम सब छठी मैया के भक्त गण, आनंद के साथ, अपने आगामी उक्त पूजन को, अविरल-निर्मल, शुद्ध गंगाजल में पूर्ण भी कर सकें। और इसका सीधा लाभ भी,(150-150) डेढ़-डेढ़ सौ किलोमीटर दूर तक, फतेहपुर एवं जहानाबाद तथा घाटमपुर और महाराजपुर तक किसानों को सिंचाई के लिए टेल तक, धारा प्रवाह प्रदूषण मुक्त जल प्राप्त के साथ,किसानों को भी मिल सके।

साथ ही, नहर के अक्सर कट जाने से, 40 से 50 साल पुरानी घोषित गरीब बस्तियों में रहने वाले,आसपास के निवासी,जो 40 हजार से भी ज्यादा लोग हैं,उन्हें भी बेमौसम बाढ़ जैसी जानलेवा स्थिति से निजात मिल सके। जिसके कारण पिछले दिनों एक 72 वर्षीय बूढी मां और एक 11 वर्षीय बच्चे का, ओवरफ्लो हुई नहर में, नहर कट जाने से, पैर फिसल कर,नहर में गिरकर देहांत हो गया था। नहर कच्ची होने से, टेल तक पानी पहुंचाने के लिए नहर के पानी को प्रेशर से खोलना पड़ता है तो नहर कट जाती है परंतु तभी किसानों के खेत में पानी पहुंच पाता है परंतु नहर कट के दुर्घटना हो जाती है और यदि प्रेशर से हम सब लोग जबरन पानी नहीं खोलना देते हैं तो गरीबों की जान बच जाती है परंतु किसानों को खेत तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पाता है,ऐसे में बहुत अजीबो-गरीब स्थिति,भौतिक रूप से बनती है। जिसमें गरीबों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता में है।और यह नहर पक्की हो जाने से लोगों की जान माल भी बचेगा और किसानों को सिंचाई के लिए टेल तक पानी भी मिलेगा।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, सिंचाई विभाग जेई गोविन्द, सहायक अभियंता विनोद कुमार, जिलेदार अभिषेक,आदि थे...

DT दीनार टाइम्स




# गुरुनानक सत्संग सभा गुरुद्वारे में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा साकेत नगर में श्री गुरु नानक देव जी की दसवीं जोत दशम पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु गोविंद सिंह जी की बाणी 卐चिड़ियां से मैं बाज तुड़ाऊँ, सवा लाख से एक लड़ाऊँ卐 का स्मरण करते हुए उनके साहस, शौर्य और धर्म रक्षा के संदेश को नमन किया गया। प्रातः नितनेम के उपरांत हजूरी रागी भाई रकम सिंह द्वारा आसा दी वार का कीर्तन रूप में पाठ किया गया। इसके पश्चात सहज पाठ की लड़ी की संपूर्णता हुई। तत्पश्चात निशान साहिब की सेवा संपन्न हुई। ज्ञानी रणवीर सिंह ने साध संगत की चढ़दी कला एवं सरबत के भले की अरदास की। भाई सुरिंदर सिंह खालसा ने संगत को श्री गुरु गोविंद सिंह जी की साखी सुना कर गुरु जस से निहाल किया।

इस अवसर पर प्रधान सरदार अवतार सिंह भाटिया ने संगत को गुरु पर्व की बधाई दी। जनरल सेक्रेटरी सरदार मंजीत सिंह चड्ढा ने स्टेज सेवा का संचालन करते हुए आई हुई साध संगत, स्त्री सत्संग सभा, खालसा सेवा समिति, सुखासन सेवा एवं यंगमैन सिख एसोसिएशन का गुरु पर्व की सेवाओं में सहयोग हेतु धन्यवाद प्रकट किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से सरदार राजिंदर सिंह, सरदार सुरेंद्र सिंह कालरा, डॉ मनमीत सिंह



Turn To Next Page

DT दीनार टाइम्स


Continued from previous page...

# गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया

मंजीत सिंह गांधी सरदार सुरजीत सिंह चड्ढा, सरदार मंजीत सिंह ठुकराल, सरदार कुलजीत सिंह बिंद्रा, प्रिंस वासु सरदार जसविंदर सिंह मल्होत्रा, सरदार बलविंदर सिंह वासन राजिंदर सिंह चड्ढा हरजीत सिंह भाटिया एवं अमित अरोड़ा उपस्थित रहे।









# समापन समारोह के अवसर पर आरोग्यधाम का निशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर

डीटीएनएन

गोविंद नगर रामलीला मैदान में 51 कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं दीप महायज्ञ के समापन समारोह के अवसर पर आरोग्यधाम का निशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर लगा...शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आए भक्तों के स्वास्थ्य लाभ हेतु कड़ाके की सर्दी एवं कोहरे में वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉक्टर हेमंत मोहन ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ जुकाम खांसी बुखार उच्च रक्तचाप डायबिटीज जोड़ों में दर्द सर्दी के मौसम में चर्म रोग के साथ ठंडी हवा के कारण सर दर्द वह महिलाओं में खून की कमी कैल्शियम की कमी के कारण कमर एवं शरीर में दर्द की निशुल्क होम्योपैथिक दवा वितरित करने के साथ उच्च रक्तचाप वह डायबिटीज की निशुल्क जांच की कैंप में हरिद्वार से आए टोली के सदस्यों ने चेकअप करा कर डॉ हेमंत पवन को धन्यवाद



दिया महायज्ञ में दवा लेने वालों में सुनील वर्मा सुनीता अरोड़ा इंद्रजीत अरोड़ा कुलदीप प्रेम किशोर कपूर राजू सचदेवा अलका सीमा सचदेव जीतू कनौजिया अमित मिश्रा समेत 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया...




# वैवाहिक मंच की ओर से आयोजित हुआ परिचय सम्मेलन

डीटीएनएन

वीरेंद्र चौहान वैवाहिक मंच के 11 वें वर वधु परिचय सम्मेलन किदवई नगर के साइड नंबर एक स्थित गुरुकुल आश्रम में आयोजित हुआ। सम्मेलन में एमपी, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के युवक और युवतियों ने भाग लिया और लगभग 67 रजिस्ट्रेशन कराए गए। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया और सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में सर्व समाज को लेकर के संगठन का नाम तय किया गया जिसका नाम सनातन वैवाहिक बंधन रखा गया। आयोजक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हनुमान महोत्सव को सनातनी परंपरा से धूमधाम से मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि मौजूदा समय में वैवाहिक मंच के द्वारा प्रदेश के कई विदेश में संगठन का गठन कर समाज की सेवा की जा रही है। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ सुषमा सिंह, मधु शुक्ला, नीलम चौहान, मधु मिश्रा, अंजू द्विवेदी, सुधा शुक्ला, ममता चौहान, लक्ष्मी द्विवेदी, विनीत गुप्ता, शालिनी सिंह, रेनू शुक्ल, राम बहादुर सिंह, गायत्री सिंह, देवेंद्र सिंह, विनीत गुप्ता, अर्चना राठौर, हरिओम भदोरिया, लक्ष्मी द्विवेदी, रेखा सविता, शिवनाथ सिंह तोमर, इंदु प्रकाश जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, विनीत चंद, आरबी सिंह, प्रिया जायसवाल, सत्यवान सिंह राठौड़, प्रिय सचिन, रेखा जायसवाल, अमित मिश्रा, विष्णु शर्मा, अवधेश त्रिपाठी पीयूष मिश्रा, रंजन, महेश कुमार आहूजा, अरविंद सिंह भदौरिया, सरोज सिंह कुशवाहा, सुभाष द्विवेदी, अशोक मिश्रा, धीरज यादव, आचार्य पंडित विमल शास्त्री, अमित मिश्रा, राम बहादुर सिंह, मुकुंद गुप्ता, श्री राम जीवन तिवारी, मुकुंद गुप्ता, पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।श्री हनुमत गुरुकुल आश्रम के आचार्य और बालकों द्वारा स्वास्थ्य वाचन किया गया।

**सम्मेलन में हुआ सुन्दर कांड का पाठ, पहुंचे सर्व समाज के लोग**

DT दीनार टाइम्स भारत के नाम सिर्फ सच
www.dtstar.in
DT STAR JBP INITIATIVE
पर क्लिक करें
ताजा खबरों के लिए और दीनार टाइम्स ई-पेपर के लिए
वेबासाइट पर जाएं

DT दीनार टा.



# खाने को चबाकर धीरे-धीरे खाना है फायदेमंद



अगर आप भी जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं तो यह आपकी सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है. आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय ही नहीं है, जिसका असर हमारी डेली लाइफ के साथ-साथ हमारी डेली डाइट पर भी पड़ रहा है. लोग बहुत जल्दी-जल्दी अपना खाना खाते हैं, जो कि बहुत गलत तरीका है. जब कोई व्यक्ति धीरे-धीरे अपना खाना खाता है तो हमारे शरीर में कई असरदार बदलाव देखने को मिलते हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं और हमें कई बीमारियों से बचाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. अगर आप धीरे-धीरे खाने का सेवन करते हैं, तो यह हमारे पेट यानी गट हेल्थ के लिए काफी असरदार होता है. जब हम धीरे-धीरे खाना खाते हैं और ज्यादा चबाकर खाते हैं, तो यह हमारे पेट और पाचन प्रक्रिया के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है. जब खाना छोटे टुकड़ों में हमारे शरीर के अंदर जाता है, तो इसे पचाने में शरीर को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती. जब हम खाने को ज्यादा चबाते हैं, तो हमारी लार में ऐसे एंजाइम का उत्पादन बढ़ जाता है, जो खाने को पचाने में काफी मददगार होता है. अगर कोई व्यक्ति धीरे-धीरे खाना खाता है, तो वजन बढ़ने की दिक्कत से भी छुटकारा मिलता है. धीरे-धीरे खाना खाने से हमारे दिमाग को यह सिग्नल मिलता है कि हमारा पेट भर चुका है और ज्यादा खाने की जरूरत नहीं है, जिससे हम खाना खाना बंद कर देते हैं. लेकिन अगर आप तेज गति से खाना खाते हैं, तो दिमाग को पेट भरने जैसा सिग्नल नहीं मिल पाता, जिससे हम जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं. यही वजन बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है. धीरे-धीरे और आराम से खाना खाने से हमारे पाचन के साथ-साथ



**डॉ. अमित सिंह**
नगर स्वास्थ्य अधिकारी, कानपुर नगर

हमारी ओरल हेल्थ पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. जब हम आराम से और अच्छे से चबाकर खाना खाते हैं, तो हमारे मसूड़ों और दांतों की अच्छी तरह से कसरत हो जाती है, जो उनकी मजबूती के लिए जरूरी है. खाने को ज्यादा चबाने से हमारे मुंह में लार का रिसाव बढ़ता है, जो मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करता है और मुंह से आने वाली गंदी दुर्गंध को पनपने नहीं देता, जिससे हमारा मुंह साफ-सुथरा रहता है. खाने को आराम से और अच्छी तरह चबाकर खाने से न सिर्फ हमारा पाचन बेहतर होता है, बल्कि शरीर को ताकत देने में भी मदद मिलती है. जब हम खाने को अच्छे से चबाते हैं और आराम-आराम से खाते हैं, तो शरीर खाने में मौजूद विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन जैसे जरूरी पोषक तत्वों को आसानी से एब्जॉर्ब कर लेता है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है. लेकिन अगर हम बड़े-बड़े टुकड़ों में और जल्दबाजी के साथ खाना खाते हैं, तो हमारी आंतें उन टुकड़ों को अच्छे से तोड़ नहीं पातीं, जिससे शरीर को पोषक तत्वों को एब्जॉर्ब करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है.

अपनी राय हमें दीजिए....

dinartimesnews@gmail.com

संस्थापिका: स्वर्गीय सियारानी जी, सह संस्थापक: लवी टंडन, संपादक: मनोज खरे, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी मनोज के लिए दीनार आफसेट प्रिंटर्स 43/168 ए, चौक कानपुर से मुद्रित तथा दीनार टाइम्स ऑफिस 118/201 ए कौशलपुरी, कानपुर 208012 से प्रकाशित.
हेड ऑफिस: सिटी सेंटर, सेकेंड फ्लोर, 222 द माल रोड कानपुर, दिल्ली आफिस: नेहरू पैलेस EMAIL:dinartimesnews@gmail.com, OFF: 0512-2979962, RNI NO-UPHIN/2000/01446
समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे.

# गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर लगाया नेत्र जांच शिविर

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। रविवार को गुरुद्वारा श्री कलगीधर सिंह सभा ब्लाक-11 गोविन्द नगर में
सरवंशदानी गुरु पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी का प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें विषेश रूप से गुरुद्वारे के मीडिया प्रभारी सरदार टीपी सिंह सोनू ने जानकारी दी कि इस प्रकाश पर्व के मौके पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2=30 बजे तक डा जेएल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय के द्वारा आंखों की जांच का फ्री कैंप का आयोजन भी किया गया। जिसमें सौ से अधिक मरीजों को नेत्र विषेशज्ञों के द्वारा आंखों की जांच के साथ साथ लगभग 20 लोगों को ऑपरेशन के लिए भी नामांकन किया।

रात्रि में विषेश दीवान सजाया गया जिसमें रहिरास साहिब के पाठ के बाद भाई योगिन्दर सिंह जी ने कीर्तन तथा ज्ञानी ओंकार सिंह जी ने कथा द्वारा आई हुई साध संगत को निहाल किया तथा रात्रि के दीवान के दौरान गुरु का अटूट लंगर का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार सतनाम सिंह, दविन्दर सिंह, दिलीप सिंह मल्होत्रा, जसबीर सिंह, इन्दरपाल सिंह तथा अमरजीत सिंह, धनवंत सिंह, जसमीत सिंह आदि अनेक लोग उपस्थित हुए।









Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

दीनार टाइम्स



फोटो: रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



# केडीएमए लीग का रंगारंग शुभारम्भ

रविंदर सिंह लाडी/ डीटीएनएन

कानपुर। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित केडीएमए लीग के उद्घाटन मुकाबला ग्रीनपार्क हॉस्टल एवं एमयूसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। मैच से पूर्व उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने रंगारंग कार्यक्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

पीएसी बैंड ने आर्कषक प्रस्तुति पेश की। चाँदी के सिक्के से मैच का टॉस हुआ, जबकि तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मैच शुरू करने के लिये पारम्परिक घंटा बजाया गया। अंत में राष्ट्रगान भी गाया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ संजय कपूर ने किया। संचालन अरविंद ने किया। इस अवसर पर एसएन सिंह, विनय आनंद, गोपाल शर्मा, आशीष सचान, कौशल कुमार, संजय तिवारी, अंकित राजपूत, शशिकांत, राहुल, कपिल, अश्वनी, शिवकुमार आदि रहें।

**ग्रीनपार्क हॉस्टल व एमयूसी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया मैच**



Turn To Next Page

फोटो: रविंद्र सिंह भाटिया लाडी





Continued from previous page...

# केडीएमए लीग का रंगारंग शुभारम्भ




Turn To Next Page

DT दीनार टाइम्स भारत के नाम सिर्फ सच
www.dtstar.in
DT STAR
JBP INITIATIVE
पर क्लिक करें
ताजा खबरों के लिए और दीनार टाइम्स ई-पेपर के लिए
वेबासाइट पर जाएं

फोटो: रविंद्र सिंह भाटिया लाडी



Continued from previous page...

# केडीएमए लीग का रंगारंग शुभारम्भ




Turn To Next Page

DT दीनार टाइम्स



फोटो: रविंद्र सिंह भाटिया लाडी




Continued from previous page...

# केडीएमए लीग का रंगारंग शुभारम्भ



# सरस आजीविका मेला 4 से 6 जनवरी तक, मोती झील लॉन में आयोजन





डीटीएनएन कानपुर नगर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कानपुर मंडल के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन एवं बिक्री हेतु जनपद कानपुर नगर के मोती झील लॉन संख्या 2 में दिनांक 4 जनवरी से 6 जनवरी 2026 तक सरस आजीविका मेला 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्घाटन दिनांक 4 जनवरी 2026 को अपराह्न 1.00 बजे माननीय सतीश महाना जी अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जाएगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय योगेन्द्र उपाध्याय जी प्रभारी मंत्री, के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में समस्त माननीय सांसदगण, समस्त माननीय विधायकगण एवं समस्त माननीय विधान परिषद सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

इस मेले में सौंदर्य एवं सुगंध उत्पाद, पारंपरिक परिधान एवं वस्त्र संग्रह. ग्रामीण उजाला, घरेलू उपभोग उत्पाद, पारंपरिक हस्तकला उत्पाद, सखी लेदर उत्पाद जैविक पौध एवं कृषि उत्पादन, हवन पूजा केंद्र स्वच्छता समाधान, सरस स्वाद एवं स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे उत्पादों एवं सेवाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। इस मेले में जनपद कानपुर नगर से 29 स्टाल एवं मंडल के अन्य पांच जनपदों से 31 स्टाल स्वयं सहायता समूह के लगाए जाएंगे। इस प्रकार इस मेले में स्वयं सहायता समूहों के साठ स्टाल लगाए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए जा रहे सभी स्टालों पर महाराणा प्रताप कॉलेज के 60 बीबीए छात्रों द्वारा स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बिक्री हेतु प्रमोट किए जाने के लिए महिलाओं को सपोर्ट किया जाएगा। इन छात्रों द्वारा प्रोडक्ट और बिक्री के संबंध में एक संक्षिप्त रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि मेले में ज्यादा से ज्यादा आम जनमानस पहुंचकर ग्रामीण संस्कृति स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित इस मेले के आयोजन को भव्य एवं सफल बनाएं।




# कानपुर निवासी स्वर्ण कौर की देह बदायूं मेडिकल कॉलेज को दान

डीटीएनएन कानपुर

कानपुर से प्रारंभ होकर अब पूरे प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पार्थिव देह दान कर रहे युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा आज बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज को कानपुर से लाकर चौथी देह सौंपी गई। कानपुर से देह लेकर बदायूं पहुंचे देहदान अभियान के निदेशक मनोज सेंगर एवम माधवी सेंगर ने बताया कि कानपुर के ऐतिहासिक स्थल बिठूर के ग्राम रमेल नगर निवासी 85 वर्षीय सुश्री स्वर्ण कौर ने वर्ष 2011 में देहदान संकल्प पत्र भरा था आज 3 जनवरी को तड़के 2,बजे एक स्थानीय अस्पताल में उनका निधन होने पर परिजनों ने रात में 3 बजे मनोज सेंगर को फोन करके देहदान संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया, सेंगर द्वारा तत्काल अपनी पत्नी माधवी से परामर्श कर के देह को बदायूं मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया गया और आनन फानन में रात में ही सारी व्यवस्था करके प्रातः सुश्री



स्वर्ण कौर जी के आवास पर पहुंचे और साढ़े दस बजे कानपुर से चल कर शाम साढ़े चार बजे बदायूं मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां एनाटामी हेड डा एम हुसैन साहब ने अपने सहयोगियों डॉ अर्जित एवं पुनीत के साथ पार्थिव देह को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सम्मान सहित स्वीकार कर देहदानी परिवार का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार जी ने सेंगर दंपति की भूरि भूरि सराहना करते हुए कहा कि कानपुर से लाकर देह समर्पित करना अदभुत साहस का काम है और इस उपकार हेतु कॉलेज युग दधीचि देहदान अभियान का सदैव कृतज्ञ रहेगा, कानपुर में देह समर्पण के समय दिवंगत स्वर्ण कौर की भतीज बहू कुलविंदर कौर, भाई सरदार गुरुपाल सिंह, सरदार इकबाल सिंह, मीनू सिंह पारिवारिक मित्र कृपा शंकर पाण्डेय सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।

## 14 साल बाद पूरा हुआ संकल्प

बहू कुलविंदर कौर ने बताया कि उसकी बुआ सास स्वर्ण कौर जी ने 2011 में बड़े उत्साह से देहदान संकल्प लिया था आज 14 वर्ष बाद उनके संकल्प मनोज सेंगर के सहयोग से पूरा करते हुए संतोष का अनुभव कर रही हूं,

युगदधीचि देहदान अभियान द्वारा बदायूं मेडिकल कॉलेज को यह चौथी और प्रदेश में 313वीं देह दान कराई गई है। इससे पूर्व 5 सितंबर 2023 को श्याम नगर कानपुर निवासी श्याम बाबू, 13 दिसंबर 2023 को किदवई नगर कानपुर निवासी श्रीमती प्रेमलता केडिया एवं 15 जुलाई 2024 को आर्यनगर कानपुर निवासी श्रीमती आशा भदौरिया की देह दान कराई जा चुकी है आज लगभग डेढ़ साल बाद चौथी देह के रूप में बिठूर कानपुर निवासी सुश्री स्वर्ण कौर जी की देह कॉलेज को समर्पित की गई है।

## आजीवन अविवाहित रह कर की सेवा

सिख धर्म की स्वर्ण कौर ने पारिवारिक विरोध के बाद भी आजीवन अविवाहित रह कर शिक्षण कार्य किया, सेवा निवृति के बाद एक विद्यालय की स्थापना कर हाई स्कूल की मान्यता दिलाई, कृष्ण भक्त होने के कारण मंदिर निर्माण कराया और अंत में स्वर्ण कौर ने अपनी देह समाज हित दान कर स्वर्णिम मिसाल कायम की*

देहदान अभियान के इतिहास में सिख समाज से यह तीसरा देहदान है।

# पुलिस विभाग में चली तबादला एक्सप्रेस

डीटीएनएन कानपुर देहात

जनपद की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडे ने जनपद में बड़े पैमाने पर उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन कर दिया तथा नवीन तैनाती आदेश जारी कर उन्हें तत्काल अपनी तैनाती स्थल पर योगदान आख्या प्रस्तुत करने की निर्देश दिए। जिले में कानून व्यवस्था में सुधार बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी ने कई थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है। पुलिस कार्यालय से जारी गस्ती आदेश के अनुसार निरीक्षक महेश दुबे को अपराध निरीक्षक अकबरपुर से प्रभारी निरीक्षक मूसानगर बनाया गया है। महिला निरीक्षक रीना गौतम को अतिरिक्त निरीक्षक रनिया से अतिरिक्त निरीक्षक अकबरपुर जिम्मेदारी दी गई है जबकि एसआई योगेंद्र शर्मा को चौकी प्रभारी कहिजरी से बाघपुर थाना शिवली का चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह चौकी प्रभारी बागपुर प्रवीण कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी कंहिजरी थाना रसूलाबाद, एसआई अखिलेश कुमार को सीओ भोगनीपुर कार्यालय से जन शिकायत प्रकोष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह एसएसआई रसूलाबाद को चौकी प्रभारी कस्बा अकबरपुर, एसआई रामकिसुन वर्मा को थाना देवराहट से चौकी प्रभारी रूरवाहार थाना अकबरपुर, उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी को थाना अध्यक्ष सट्टी से थाना रनिया, एसआई सोमवीर को चौकी प्रभारी जिला अस्पताल अकबरपुर से चौकी प्रभारी भाऊपुर थाना शिवली, एसआई मिलन सिरोही को चौकी प्रभारी असलतगंज से थाना मंगलपुर, संजय दत्त वर्मा चौकी प्रभारी बारा से चौकी प्रभारी संदलपुर थाना मंगलपुर, उपनिरीक्षक कालीचरण को थाना अध्यक्ष मूसानगर से थाना अध्यक्ष सट्टी बनाया गया है। इसी तरह उप निरीक्षक मीनेश पचौरी को पुलिस लाइन से थाना साइबर क्राइम उपनिरीक्षक उमेश शर्मा को चौकी प्रभारी कस्बा अकबरपुर से पुलिस अधीक्षक का पीआरओ बनाया गया है। सुरजीत सिंह पीआरओ पुलिस अधीक्षक को बारा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। जबकि उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार चौकी प्रभारी रूरवाहार थाना राजपुर, उप निरीक्षक कौशल कुमार को चौकी प्रभारी संदलपुर से चौकी प्रभारी जिला अस्पताल अकबरपुर, एसआई केशव देव को चौकी प्रभारी भाऊपुर से चौकी प्रभारी असालतगंज बनाया गया है। एसपी ने सभी निरीक्षक एवं उप निरीक्षकों को अपने नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।





Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT




# विशाल भंडारे का आयोजन...




संवाददाता/ डीटीएनएन
उद्योग और व्यापार की अग्रणी संस्था फीटा के द्वारा फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों का और कामगारों के हित में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1300 श्रमिकों और कर्मचारियों ने भोजन किया। श्रमिकों ने क्षेत्रीय उद्यमियों का आभार व्यक्त किया की इस भीषण ठंड में गरम भोजन कराया गया...फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि संस्था द्वारा निरंतर जरूरतमंदों को श्रमिकों को और कर्मचारियों को किसी न किसी तरीके से उनकी जरूरत पूरी करके लाभ पहुंचाया जाता रहा है और भविष्य में भी कंबल वितरण किया जाएगा और गर्म कपड़े वितरित किए जाएंगे। विक्रम में मुख्य रूप से फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता गिरीश गुप्ता संदीप बंसल असिम हक संजय गुप्ता शिव सोनी शिव कुमार गुप्ता रजत गुप्ता विपिन गुप्ता वैभव गुप्ता सतीश गुप्ता अनिल अग्रवाल मोहम्मद साकिब शिवम बेरीवाल विशाल जायसवाल शैलेंद्र जैन रामजी गुप्ता जितेंद्र पिपलानी मनीष मतलानी सचिन दीक्षित जितेंद्र अवस्थी अजीत मिश्रा संदीप जाखोदिया अरुण पांडेय मुकेश जैन विनय मित्तल उदय जैन अरुण ओमर अरुण साहनी शरद बेरीवाल आदि मौजूद थे...




# लायन अमिताभ तिवारी को दी श्रद्धांजलि, वृद्धाश्रम में कंबल एवं खाद्य सामग्री बांटी



संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। लायंस क्लब आस्था, लायंस क्लब मारुति एवं लायंस क्लब शक्ति ने सेवा सप्ताह के तहत पनकी स्थित जीवन वृद्धाश्रम में कंबल, खाद्य सामग्री व दैनिक उपयोगी वस्तुएं वितरित कीं। कार्यक्रम इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन एपी सिंह के आह्वान पर विश्वव्यापी फूड डिस्ट्रीब्यूशन अभियान के तहत हुआ। इस अवसर पर लायन अमिताभ तिवारी की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि दी गई। वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन डॉ. शरद अग्निहोत्री ने उनके सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में प्रभात तिवारी, लायन अरविंद तिवारी, लायन आरपी ओमर, लायन एचएस कालसी, लायन रुचि अग्निहोत्री, लायन विनीत त्यागी, लायन रामकांत जायसवाल, लायन अभिषेक शुक्ला, लायन योगी शुक्ला, लायन आलोक मौर्य, लायन विवेक सिंह, लायन विक्रम भदौरिया, लायन अक्षत अग्निहोत्री, लायन विश्वेश तिवारी उपस्थित रहे।






# अमेरिका में डिस्ट्रिक्ट 3110 का प्रतिनिधित्व करेंगे सीए जसबीर सिंह भाटिया

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। बेनाझाबर स्थित होटल रिजेंटा में शनिवार शाम को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 ने डिस्ट्रिक्ट इंटरसिटी मीट का आयोजन किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट (2026-27) रोटेरियन सीए जसबीर सिंह भाटिया का बोन वॉयेज समारोह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। वह रोटरी इंटरनेशनल असेंबली अमेरिका में डिस्ट्रिक्ट 3110 का प्रतिनिधित्व करने जल्द ही जाएंगे। इस पर विभिन्न शहरों से आए रोटरी पदाधिकारियों वरिष्ठ रोटेरियनों व अतिथियों ने डीजीई जसबीर सिंह भाटिया को अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए मंगलकामनाएं दी। डीजीई जसबीर सिंह भाटिया ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल असेंबली से प्राप्त अनुभवों को वह जिले में सेवा परियोजनाओं, सदस्यता विस्तार, रोटरी फाउंडेशन व सार्वजनिक छवि को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी रूप से लागू करेंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन रोटरी क्लब ऑफ कानपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ के संयुक्त आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ के अध्यक्ष रोटेरियन मनोज शुक्ला एवं रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के अध्यक्ष रोटेरियन गौरव अग्रवाल जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। सौहार्द, मित्रता और सेवा की भावना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

Turn To Next Page

Continued from previous page...




# रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 ने इंटर सिटी मीट का आयोजन किया






Turn To Next Page

Continued from previous page...




# रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 ने इंटर सिटी मीट का आयोजन किया



DT दीनार टाइम्स
भारत के नाम सिर्फ सच
www.dtstar.in
DT STAR
JBP INITIATIVE
पर क्लिक करें
ताजा खबरों के लिए और दीनार टाइम्स ई-पेपर के लिए
वेबासाइट पर जाएं

# पौधारोपण तो हुआ लेकिन देखरेख की कमी से खत्म हुई हरियाली





**डीटीएनएन रूरा कानपुर देहात**
हर वर्ष वन महोत्सव के दौरान लाखों रुपये खर्च करके मानसून में पौधारोपण कराया जाता है, लेकिन देखरेख के अभाव में अधिकतर पौधे या तो सूख जाते हैं या फिर जानवरों का निवाला बन जाते हैं। डेरापुर विकासखंड के ग्राम पंचायतों सहित तहसील परिसर में इस बार भी पौधारोपण का दौर जोर शोर से चला जिसमें तत्कालीन जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक पौधारोपण किया इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों ने खूब पौधे लगवाकर उनकी देखभाल की शपथ भी ली है। इससे उम्मीद थी कि इतनी बड़ी संख्या में लगाए गए पौधे बड़े होकर हरियाली लाएंगे और वातावरण भी शुद्ध होगा। लेकिन समय बीतने से पहले ही इन पौधों का कोई अता पता ही नहीं है। क्योंकि इन पौधों की किसी ने सुध ही नहीं ली। इसका नतीजा यह हुआ कि ज्यादातर पौधे सूख गए या फिर पशुओं के द्वारा बर्बाद कर दिए गए हैं। डेरापुर ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में तो पौधारोपण की जगह चारागाह बन जाती है। प्रशासन ने गंभीरता से इस ओर ध्यान नहीं दिया और पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अनदेखी के चलते पौधारोपण में खर्च होने वाली रकम बर्बाद हो गई। अगर वन विभाग और जिम्मेदार इस पर ठीक से ध्यान देती है तो रोपे गए पौधे साल में अच्छे से तैयार हो जाते। अगर पंचायत पौधारोपण के दौरान ट्री गार्ड की व्यवस्था करती है तो काफी पौधों को बचाया जा सकता है। लेकिन कुछ जिम्मेदारी आम नागरिकों की भी है कि वह पौधों को बचाएं, जिससे आने वाली पीढ़ी को समस्याओं से न जूझना पड़े।



दीनार टाइम्स
कानपुर न्यूज

# धूमधाम से मनाया गया चौधरी सुखराम सिंह यादव का जन्मदिन




**डीटीएनएन, कानपुर**

कानपुर नगर के मेहरबान सिंह के पुरवा में 2 जनवरी को चौधरी सुखराम सिंह जी का 74 वा जन्मदिन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर कानपुर देहात से चलकर आए युवा समाज सेवी हरि ओम यादव और जीतेन्द्र यादव ने केक काटकर चौधरी सुखराम सिंह जी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन वह खास दिन है जब हम अपने प्रियजनों को यह अहसास कराते हैं कि वे हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। यह दिन खुशियों का, प्यार का और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। इस खास मौके पर अपने दोस्तों, परिवार, या किसी प्रिय को दिल से शुभकामनाएँ भेजना सभी के जीवन में खास मायने रखता है। इस अवसर पर हम आपके लिए कुछ अनूठे और बेहतरीन **Happy Birthday Wishes** प्रस्तुत कर रहे हैं । इस शुभ अवसर पर युवा समाज सेवी जीतेंद्र यादव और हरिओम यादव ने अंग वस्त्र भेंट कर चौधरी सुखराम सिंह जी का जन्मदिन मनाया। 74 जन्म दिन के अवसर पर युवा समाजसेवी हरिओम यादव, युवा समाज सेवी जीतेंद्र यादव, अंकित यादव, राधे यादव, विमल यादव, सालिग राम यादव, वीरू यादव, मनोज यादव, सुमित यादव समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# एसडीएम सदर ने जोन-4 में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा, पानी की क्वालिटी की हुई जांच





संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर नगर। आज दिनांक 03 जनवरी 2026 को एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह के नेतृत्व में जोनङ्क4 अंतर्गत जलकल विभाग की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता अनिल कुमार सहित जलकल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस क्रम में जलकल कैंपस स्थित 280 एमएलडी क्षमता के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया, जहां रॉ वाटर इनलेट, सेटलिंग टैंक तथा संपूर्ण जल शोधन प्रक्रिया की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। क्लोरीनेशन व्यवस्था की जांच में क्लोरीन की मात्रा सामान्य पाई गई। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम सदर द्वारा मलिन बस्ती, रामबाग का निरीक्षण किया गया। यहां जलकल विभाग द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता की मौके पर ही जांच कराई गई। बस्ती के चार अलग-अलग स्थानों से पेयजल के नमूने लेकर ओटी टेस्ट कराया गया, जिसमें सभी नमूनों में क्लोरीन अवशेष सामान्य पाया गया। एसडीएम सदर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की शुद्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल निरंतर उपलब्ध रहे। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर विनय कुमार द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT
www.dtstar.in | Dinar Times | @dinar_times | dinartimesnews | +91 92195 22349 | YouTube Dinar Times



# कड़ाके की ठंड व कोहरे के चलते फसलों पर संकट

डीटीएनएन रसूलाबाद
कड़ाके की ठंड ने पूरे जनमानस को झकझोर कर रख दिया वहीं अन्नदाताओं की बोई हुई फसलों पर भी इसका असर दिखाई पड़ रहा है। जिसमे सरसों, चना, मटर मसूर आदि में भी इसका असर देखने को मिल सकता है। घने कोहरे व पाला से तिलहनी दलहनी फसलों पर इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है। किसान शिवपाल सिंह ने बताया कि इस कड़ाके की सर्दी में सरसों की फसल पर असर देखने को मिल सकता जिसमे कहीं न कहीं फसल की पैदावार में फर्क दिखेगा। वहीं कृपाल सिंह ने बताया कि फसलों में गेहूं के लिए तो कोहरा और पाला अच्छा है लेकिन दलहनी फसलों में चना अरहर के लिए नुकसानदेह है ।इसके लिए किसान अपने खेतों के आस पास धुँआ जरूर करें। सुनील सिंह ने बताया कि समय से फसलों को बचाने के लिए पानी किसानों को लगाना चाहिए और धुँआ जरूर करें । किसानों को पाला और कोहरे से बचने के लिए कृषि अधिकारियों की भी सलाह जरूर लें जिससे इन सभी से अपनी फसलों को बचाया जा सके।




Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

www.dtstar.in | Dinar Times | @dinar_times | dinartimesnews | +91 92195 22349 | YouTube Dinar Times

# विदेशी पक्षियों पर शिकारियों का कहर



डीटीएनएन रसूलाबाद
जनपद कानपुर देहात व कानपुर नगर दोनों में लगने वाली एक हजार बीघा की कन्हई झील में आने वाले विदेशी पक्षियों पर शिकारियों की पैनी नजर पड़ गई है जिसके चलते उनका शिकार किया जा रहा है। जिससे उनके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है वहीं शिकारियों की बल्ले बल्ले हो गई है जो पक्षियों को हजारों रुपयों मे बेचते हैं। रसूलाबाद के मददू पुल म□िया व सिंगुआनार जो कोतवाली रसूलाबाद के थानहमीर पुर का मजरा है वहीं नरुआ गांव भी लगता है और नरुआ ग्राम पंचायत का राजस्व बिल्हौर तहसील में लगता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां पर एकहजार बीघा की कन्हई नाम की झील है। जिसमे शर्दियों के समय पर विदेशी पक्षियों का समूह आता है और यहां पर दो माह के लगभग कल्पवास करते है। जिनको मारने के बाद स्थानीय शिकारियों द्वारा इनका लाखों रुपयों मे सौदा कर दिया जाता है। सूत्रों की माने तो आये दिन यहां से पक्षियों को पक□ने के लिए दानों में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिलाते हैं और साथ ही जाल लगा कर पक□ने का भी काम करते हैं। जिसको कानपुर शहर में महंगे रुपयों में बेंच दिया जाता है इससे कर पक्षियों के अस्तीत्व पर संकट पैदा हो गया है।




Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT

www.dtstar.in | Dinar Times | @dinar_times | dinartimesnews | +91 92195 22349 | YouTube Dinar Times


DT दीनार टाइम्स भारत के नाम सिर्फ सच
हर शाम की चाय DT के साथ
पूरे यूपी की पसंद बन चुका है
आप का दीनार टाइम्स
सावधान! कानपुर...
सबसे ज्यादा डिजिटल पाठक
मोबाइल पर सबसे ज्यादा पाठक पढ़ते हैं डीटी
युवाओं की पहली पसंद है डीटी
राजनैतिक लोगों की पहली पसंद बना डीटी
डिजिटल इंडिया मिशन में सबसे आगे डीटी
डिजिटल मीडिया के हर माध्यम में
सबसे आगे डीटी
डीटी है नए भारत की शान
www.dtstar.in